**प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद**

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **14-08-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, गाली-गलौज,मारपीट करन व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना मूंढापाण्डेः-**



अवगत कराना है दिनांक 01.08.2025 को वादिनी निवासी थाना मूंढापाण्डे क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने,गाली-गलौज,मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने आदि के संबंध में थाना मूंढापाण्डे पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मूंढापाण्डे पर मु0अ0सं0-348/25 धारा- 69/115(2)/352/351(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 14.08.2025 को व0उ0नि0 सर्वेश कुमार थाना मूंढापाण्डे द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी मौ0 उवैश पुत्र बन्ने अली नि0 ग्राम पैपटपुरा उर्फ धतुरा मेघा नगला थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार आरोपीः-**

मौ0 उवैश पुत्र बन्ने अली नि0 ग्राम पैपटपुरा उर्फ धतुरा मेघा नगला थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

व0उ0नि0 सर्वेश कुमार थाना मूंढापाण्डे, मुरादाबाद।

का0 आशुतोष यादव थाना मूंढापाण्डे, मुरादाबाद।

**2- दिनांक 07.08.2025 की रात्रि में थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बसन्तपुर रामराय में गोली बारी की घटना करने वाले 02 अभियुक्तगण को थाना कटघर पुलिस ने किया गिरफ्तार ,आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल व 02 अवैध तमन्चे व खोखा कारतूस किये गये बरामद।**

अवगत कराना है दिनांक 07.08.2025 को थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बसन्तपुर रामराय में रात्रि करीब 22.00 बजे कुछ लोगो द्वारा एक व्यक्ति पर जान से मारने की नियत से फायर किये गये, जिसके सम्बन्ध में थाना कटघर पर वादी योगेश पुत्र रामनाथ निवासी बसन्तपुर रामराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-491/25 धारा- 352/351(3)/109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री सोमपाल सिंह द्वारा की जा रही है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कटघर, मुरादाबाद के नेतृत्व व पर्यवेक्षण में अभियुक्तगण की तलाश हेतु थाना कटघर पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी । आज दिनांक 14.08.2025 को देखरेख शान्ति व्यवस्था व चेकिगं सन्दिग्ध वाहन व व्यक्ति के दौरान थाना कटघर पुलिस द्वारा अभियुक्त गण 01. प्रिन्स पुत्र पंकज सक्सेना निवासी पीतल नगरी श्यामो देवी स्कूल के पास थाना कटघर,मुरादाबाद 02. हर्ष पुत्र हरपाल निवासी पीतल नगरी कमला बिहार महेन्द्र सिंह स्कूल के पास थाना कटघर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया ।

अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया गया कि उनकी वादी मुकदमा योगेश से पुरानी मुकदमें बाजी को लेकर विवाद चल रहा है, जिसके चलते वादी मुकदमा पर जान से मारने की नियत से फायर किये गये थे। अभियुक्त प्रिन्स उपरोक्त मुकदमा में प्रकाश में आया अभियुक्त है। अभियुक्त गण से घटना में प्रयुक्त एक मोटर साईकिल बुलैट बरामद हुई तथा अभियुक्त गण की निशां देही पर अभियुक्त गण से एक-एक अवैध तमन्चा 315 बोर अलग-अलग मय खोखा कारतूस बरामद हुए। साक्ष्य संकलन व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 191(3)/191(2)/190/3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढौत्तरी की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

1.प्रिन्स पुत्र पंकज सक्सेना निवासी पीतल नगरी श्यामो देवी स्कूल के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

2.हर्ष पुत्र हरपाल निवासी पीतल नगरी कमला बिहार महेन्द्र सिंह स्कूल के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

## बरामदगी-

एक मोटर साईकिल बुलैट रंग काला रजि0 नं0 UP 21 BZ 5349

दोनो अभियुक्तों से एक-एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय खोखा कारतूस बरामद हुए।

## पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 491/25 धारा 352/351(3)/109(1) बीएनएस-2023 व वृद्धि धारा 191(3)/191(2)/190/3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट

## अपराधिक इतिहास (प्रिन्स)-

मु0अ0सं0 491/25 धारा 352/351(3)/109(1) / 191(3)/191(2)/190/3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट

## अपराधिक इतिहास ( हर्ष )-

मु0अ0सं0 491/25 धारा 352/351(3)/109(1) / 191(3)/191(2)/190/3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट

## गिरफ्तार करने वाली टीम थाना कटघर -

1. उ0नि0 श्री सोमपाल सिंह थाना कटघर,मुरादाबाद।
2. उ0नि0 उस्मान अली थाना कटघर,मुरादाबाद।
3. हे0का0 सुरेश थाना कटघर,मुरादाबाद।
4. हे0का0 कुलदीप थाना कटघर,मुरादाबाद।
5. का0 अनुज थाना कटघर,मुरादाबाद।

## 3-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 18 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 18 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-

**थाना कटघर-04,थाना मूंढापाण्डे-02,थाना मुगलपुरा-02,थाना पाकबड़ा-02,थाना ठाकुरद्वारा-05,थाना सोनकपुर-02,थाना बिलारी-01**